भारतीय ग्रन्थमाला—संख्या १८

Arthashastra Shabdavali

अर्थशास्त्र शब्दावली

Glossary of Economic Terms.

Daya Shankar Dubé & others

दयाशंकर दुवे
गदाधरप्रसाद अम्बष्ट
भगवानदास केला

1951.

भारतीय ग्रन्थमाला—संख्या १८

अर्थशास्त्र शब्दावली

[संशोधित और परिवर्द्धित]

सम्पादक

दयाशङ्कर दुबे, एम० ए०, एल-एल० बी०,

अर्थशास्त्र-अध्यापक, प्रयाग विश्वविद्यालय,

गदाधरप्रसाद अम्बष्ट विशारद, विद्यालङ्कार,

और

भगवानदास केला

रचयिता—भारतीय अर्थशास्त्र, भारतीय राजस्व, आदि।

प्रकाशक

व्यवस्थापक, भारतीय ग्रन्थमाला, बृन्दावन।

दूसरा संस्करण | १९४१ | मूल्य एक रुपया

प्रकाशक
भगवानदास केला
व्यवस्थापक,
भारतीय ग्रन्थमाला,
वृन्दावन ।

मुद्रक
नारायण प्रसाद
नारायण प्रेस,
नारायण बिल्डिङ्ग्स,
प्रयाग ।

सम्पादकीय वक्तव्य

हिन्दी में अर्थशास्त्र-सम्बन्धी साहित्य की कमी का एक मुख्य कारण यथेष्ट पारिभाषिक-शब्दों का न होना है। आधुनिक लेखकों को पद-पद पर शब्दों की कठिनाई का सामना करना पड़ता है। यही सोच कर सन् १९०६ ई० में काशी की नागरी प्रचारिणी सभा ने हिन्दी-वैज्ञानिक-कोष प्रकाशित किया था, जिसमें अन्य विषयों के साथ अर्थ-शास्त्र के भी पारिभाषिक शब्द दिये गये थे। सन् १९०८ ई० में अलीगढ़ के पं० व्रजवल्लभ जी मिश्र ने 'हिन्दी-व्यापारिक-कोष' प्रकाशित किय था। तत्कालीन अवस्था में ये कोष लेखकों के बहुत सहायक हुए। परन्तु ज्यों-ज्यो रचना-कार्य बढ़ता गया, ये कोष अपर्याप्त प्रतीत होने लगे।

दिसम्बर सन् १९२० ई० के प्रयाग के अधिवेशन में 'इंडयन 'इकानामिक ऐसोसियेशन' ने निश्चय किया कि हिन्दी गुजराती मराठी आदि भाषाओं में अर्थशास्त्र के अँगरेज़ी के पारिभाषिक शब्द तैयार करने के लिए एक उपसमिति का संगठन किया जाय। तदनुसार ऐसोसियेशन की कार्य-समिति ने पाँच सज्जनों की एक उपसमिति बनायी, जिसके मंत्री श्री० प्रोफेसर दयाशंकरजी दुबे नियुक्त हुए। उपसमिति ने ढाई सौ शब्दों की सूची बनाकर लगभग दो सौ विद्वानों के पास

भेजी। तीस पैंतीस सज्जनों ने इस सूची पर अपनी सम्मति दी। कुछ और काम करने के बाद लगभग ७०० शब्द तैयार हुए; उन के हिन्दी पर्यायवाची शब्द दिये गये। जनवरी १९२२ ई० में उपसमिति की रिपोर्ट उपस्थित की जाने पर, ऐसोसियेशन ने निश्चय किया कि सूची पर्याप्त नहीं है, इसके लिए एक वर्ष और कार्य किया जाय। परन्तु, फिर यह कार्य आगे नहीं बढ़ सका।

सन् १९२३ ई० में श्री० दुबे जी के उद्योग से भारतवर्षीय हिन्दी अर्थशास्त्र परिषद की स्थापना हुई, उसने इस कार्य को अपने हाथ में लिया। लेकिन, कार्य कुछ विशेष न हो सका। इस समय श्री० भगवानदासजी केला ने 'भारतीय अर्थशास्त्र' और 'भारतीय राजस्व' पुस्तकें लिखी; उनके लिए उन्होंने पारिभाषिक शब्द सूची तैयार की, जिसमें इकानामिक ऐसोसियेशन की उपसमिति द्वारा तैयार की हुई शब्दावली का भी उपयोग किया। इसी समय श्री० गदाधरप्रसादजी अम्बष्ट भी इस काम में लगे हुए थे; उन्होंने बहुत प्रयत्न करके सन् १९२७ ई० में अर्थशास्त्र के लगभग ढाई हज़ार अँगरेज़ी शब्द एवं उन में से बहुतसों के हिन्दी पर्यायवाची शब्द संग्रह किये।

अन्ततः हम तीनों मिलाकर इस कार्य में सम्मिलित रूप से उद्योग करने लगे। अब निश्चय किया गया कि अर्थशास्त्र का कोष वृहद् रूप में तैयार किया जाय, उसमें सभी आवश्यक शब्दों की परिभाषायें दी जायँ। कोष के दो भाग रहें। प्रथम भाग में अँगरेज़ी के शब्द, उनकी अँगरेज़ी परिभाषा तथा हिन्दी, बंगला, गुजराती, मराठी और उर्दू के पर्यायवाची शब्द दिये जायँ। दूसरे भाग में हिन्दी के अर्थशास्त्र

सम्बन्धी शब्द हों, उनके आगे हिन्दी परिभाषा और फिर अंगरेज़ी पर्यायवाची शब्द रहें। सन् १९३० ई० में इसी योजना के अनुसार कार्य किया गया। इसमें सर्वश्री रेवतीरमण माथुर एम० ए०, बी० कॉम०, उदयनारायण त्रिपाठी एम० ए० साहित्य-रत्न, रामानुज पांडेय बी० ए०, महावीरप्रसाद त्रिपाठी बी० ए०, उमाशंकरलाल बी० कॉम० और रघुवीरप्रसाद जायसवाल ने हमें बहुत सहायता प्रदान की। इस प्रकार अर्थशास्त्र सम्बन्धी एक बृहत् कोष की पांडु-लिपि बहुत-कुछ तैयार हो गयी थी। परन्तु उसके प्रकाशित होने की व्यवस्था न हो सकी। अन्ततः केवल शब्दावली का ही अन्तिम रूप तैयार करके उसे छपाने का निश्चय किया गया।

हमारी अर्थशास्त्र-शब्दावली सन् १९३२ ई० में भारतीय ग्रन्थ-माला, वृन्दावन, से प्रकाशित हुई। इसी ग्रन्थमाला ने 'राजनीति शब्दावली' भी छपायी थी, जिसका पिछले दिनों संशोधित और परिवर्द्धित रूप प्रकाशित हो चुका है। उपर्युक्त दोनों शब्दावलियों को ब्रिटिश भारत तथा देशी राज्यों के अधिकांश विश्व-विद्यालयों, कालिजों और अन्य साहित्यिक, आर्थिक और राजनैतिक संस्थाओं ने मँगाया है। बहुत से बी० ए०, एम० ए० और साहित्य-रत्न आदि परिक्षाओं के परिक्षार्थियों एवं कितने ही लेखकों ने इनका उपयोग किया है।

अर्थशास्त्र शब्दावली का प्रथम संस्करण समाप्त हो जाने पर गत वर्ष इसे दूसरे संस्करण के लिए संशोधित करने की तैयारी की जाने लगी। हर्ष का विषय है कि कई सज्जनों ने इसमें सहयोग

प्रदान करने की कृपा की। श्री० गौरीशंकरजी सत्येन्द्र एम० ए० (मथुरा), और श्री० अम्बाप्रसाद जी तिवारी वकील (उज्जैन) ने अपने संशोधन नोट करके हमारे पास भेजने की कृपा की। श्री शंकरसहाय जी सकसेना एम० ए० से श्री० केलाजी ने बरेली जाकर बहुत से शब्दों पर विचार-विनिमय किया। श्री० श्रीधर जी मिश्र एम० ए० ने अँगरेज़ी के कितने ही नये शब्द विचारार्थ प्रस्तुत करने का कष्ट उठाया। पश्चात् प्रयाग में लगभग सवा सौ खास-खास अँगरेज़ी शब्दों के पर्यायवाची हिन्दी शब्दों पर विचार करने के लिए दो दिनमीटिंग की गयी। इस अवसर पर इस पुस्तक के तीनों सम्पादकों के अतिरिक्त श्री कपिलदेव जी उपाध्याय एम० ए० काशी से पधारे। स्थानीय सज्जनों में श्री० दत्तात्रेय नारायण पोतनवीस एम० ए०, एल-एल० बी० श्रीधरजी मिश्र एम० ए०, गंगाधरजी इन्दुरकर साहित्य-रत्न, और गुर्ती सुब्रह्मण्य एम० ए० साहित्य-रत्न ने इस मीटिंग में भाग लिया। श्री उपाध्याय जी ने काशी लौटने पर कुछ और भी संशोधन तथा अँगरेज़ी के शब्द विचारार्थ भेजे। इन सब पर यथा-सम्भव विचार किया गया।

ऊपर हमारी जिस वृहत् अर्थशास्त्र कोष सम्बन्धी सामग्री का उल्लेख किया गया है, उसका उपयोग श्री० सुखसम्पत्तिराय जी भंडारी ने अपनी 'टवेन्टीएथ सेंचरी इंगलिश-हिन्दी डिक्शनरी' के प्रथम भाग में किया है। हमने इस शब्दावली के इस संस्करण में अन्यान्य पुस्तकों के अतिरिक्त उससे भी लाभ उठाया है।

पिछले संस्करण की तरह हिन्दी पर्यायवाची शब्दों के चुनाव में इस

बात का ध्यान रखा गया है कि अधिकतम प्रचलित और उपयुक्त शब्द ही लिये जायँ। अँगरेजी के जो शब्द हिन्दी में ज्यों-के-त्यों प्रचलित हो गये हैं, उन्हें उसी रूप में रहने दिया गया है। जिन शब्दों की रचना की गयी है, उनके विषय में यह विचार रखा गया है कि वे ऐसे हों कि हिन्दी के अतिरिक्त यथा-सम्भव अन्य भारतीय भाषाओं में भी व्यवहृत हो सकें। संस्कृत के यथा-शक्ति सरल शब्द ही लिये गये हैं। सम्भव है कि जो शब्द गढ़े गये हैं, उनमें से कुछ कतिपय पाठकों को पसन्द न हों। ऐसे महानुभावों को जिन शब्दों के स्थान पर दूसरे उनसे अच्छे शब्द ज्ञात हों, उनकी वे कृपा कर हमें सूचना दें जिससे इस पुस्तक के अगले संस्करण में यथा सम्भव सुधार किया जाय।

इस संस्करण की विशेषाताएं ये हैं:—

(१) इसमें बहुत से शब्द नये बढ़ाये गये हैं। कुछ कम आवश्यक शब्द निकाल भी दिये गये हैं, तथापि कुल मिलाकर यह संस्करण पहले से बहुत बढ़ गया है।

(२) जिन अँगरेज़ी शब्दों का हिन्दी पर्यायवाची शब्द अस्पष्ट प्रतीत हुआ, उनमें से बहुतसों की संक्षिप्त व्याख्या भी साथ में, कोष्टक में दे दी गयी है।

(३) कुछ शब्दों का हिन्दी के अतिरिक्त अन्य (प्रान्तीय) भाषाओं का पर्यायवाची शब्द भी दे दिया गया है। ऐसा करते

समय शब्द के आगे कोष्टक में इन भाषाओं का संकेताक्षर दिया गया है:—

(म०) = मराठी

(गु०) = गुजराती

(मा०) = मारवाड़ी

(उ०) = उर्दू

अस्तु, हमने अपने परिमित साधनों के अनुसार इस संस्करण को अधिक-से-अधिक उपयोगी बनाने का भरसक प्रयत्न किया है। यह होते हुए भी यह कोई रहस्य नहीं है कि यह शब्दावली पूर्ण या शुद्ध होने का दावा नहीं करती। वास्तव में हिन्दी में आधुनिक अर्थशास्त्र साहित्य का अभी निर्माण हो रहा है, शब्दों का भी निर्माण जांच, और छाँट हो रही है। ऐसे समय में इस शब्दावली का अपना विशेष महत्व है। आशा है, अर्थशास्त्र-प्रेमी पाठक और लेखक इसका समुचित उपयोग करेंगे।

सहायक पुस्तकें

Palgrave's Dictionary of Political Economy, 3 Volumes (Revised Edition)

Pitman's Busines Encyclopedia, 3 Volumes.

Spalding's Dictionary of World's Currency.

London Commercial Dictionary.

A Counting House Dictionary *by* Dr. Bithell.

Dictionary of Economics and Banking Terms *by* Webstre

Dictionary of Economic Terms *by* F. Bower.

Labour Terminology.

Dictionary of Stock Exchange Terms *by* Cordingby

Misra's Trilingual Dictionary.

English-Hindi Commercial Dictionary *by* Braj Vallabh Misra.

Hindi Scientific Glossary, published *by* Nagri Pracharni Sabha. Benares.

Students' English-Sanskrit Dictionary *by* V. S. Apte.

Twentieth Century Englih-Hindi Dictionary
by Sukhsampattirai Bhandari

The Modern Anglo-Bengali Dictionary
by Charu Chandra Gupta (3 Volumes)

Beginners' Dictionary, English-Bengali
by B. Ganguli

हिन्दी वैज्ञानिक शब्दावली—(१) भौतिक विज्ञान, (२) रसायन शास्त्र, और (३) गणित। (नागरी प्रचारिणी सभा, बनारस)

राजनीति शब्दावली—सम्पादक, गदाधर प्रसाद अम्बष्ट और भगवानदास केला (भारतीय ग्रन्थमाला वृन्दावन)

अर्थशास्त्र सम्बन्धी हिन्दी की विविध पुस्तकें

जोड़नी कोष (गुजराती)—नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, अहमदाबाद।

वैज्ञानिक शब्द संग्रह—श्री फार्बस गुजराती सभा, बम्बई।

अर्थशास्त्र शब्दावली

A

Abatement	छूट, बाद (जो व्यापारी अपने ग्राहक को कमीशन के तौर पर दे)।
Abbreviation	संकेताक्षर, संक्षेप ।
Abbreviature	सार-संग्रह, संक्षिप्तता ।
Ability to pay	देने की क्षमता ।
Ab-initio	आरम्भ से ।
Aboriginal	मूल निवासी, आदिवासी ।
Above Par	(शेयरादि का भाव) अंकित क़ीमत से ऊपर, सम मूल्य से ऊपर ।
Abrasion of Coin	मुद्रा-घिसाई ।
Abscissa	भुजाक्ष ।
Absentee Landlord	अनुपस्थित जमींदार, अन्यत्रवासी जमींदार (जो अपने कारिन्दों पर ही निर्भर रहे) ।

Absolute Economics	सदामान्य अर्थशास्त्र ।
,, Error	वास्तविक भूल ।
,, Monoply	पूर्ण एकाधिकार ।
,, Occupancy Tenant	पुख़्ता मौरूसी काश्तकार ।
,, Value	विशुद्ध मूल्य ।
Absorption	मिलाना, निगल जाना ।
Abstinence	संयम ।
Abstract Book	गोशवारा बही ।
,, of Title	अधिकार-प्रमाण ।
,, Political Economy	कल्पना-मूलक अर्थशास्त्र ।
,, Theory	कल्पना-मूलक सिद्धान्त ।
Abundance	बहुतायत, प्रचुरता ।
Accept a Bill	हुँडी देखी करना (सकारना) ।
,, for Honour	प्रतिष्ठार्थ सकारना ।
Acceptance	सकारना । सकारी हुई हुँडी ।
,, Charge	सिकराई, हुँडावन ।
Acceptance, General—	साधारण सकारना ।
,, Qualified—	शर्त सहित सकारना ।
Acceptances	सकारी हुई हुँडियाँ ।
Accepting House	सकारनेवाली कोठी ।
Acceptor	सकारनेवाला, सकारू, ऊपरवाला (मा०) ।

Accessio	आकस्मिक वृद्धि (मूल्य में) ।
Accident	आकस्मिक दुर्घटना ।
Accomodation Bill	सिफ़ारिशी हुँडी ।
Account	हिसाब, खाता, नामा (गु०) (मा०)।
,, Book	बही, हिसाब-बही ।
,, Days	(हिसाब होकर नफे नुकसान की) भुगतान-मिती ।
,, Sales	बिक्री-पत्र, ऊपना, बिक्री, भरतिया (मा०) ।
Account, Cash—	रोकड़ खाता ।
,, Capital—	पूँजी खाता ।
,, Cost—	लागत का हिसाब, पड़तल का हिसाब ।
,, Current—	चालू खाता ।
,, Dead—	रुका खाता, डूबन्त खाता ।
,, Deficiency—	घाटा खाता, कमी का हिसाब ।
,, Deposit—	ब्याज खाता, जमा का खाता ।
,, Fictitious—	खोटा हिसाब ।
,, Fixed—	स्थायी खाता, मियादी खाता ।
,, Goods—	माल खाता ।
,, Impersonal—	अवैयक्तिक खाता, श्री खाता, वस्तुगत खाता ।

Account, Joint—	सम्मिलित हिसाब।
,, Real—	सच्चा हिसाब।
,, Personal—	नामवार खाता।
,, Rough—	कच्चा हिसाब।
,, Stock—	माल खाता।
,, Stock Exchange—	शेयरों के लेन-देन का हिसाब।
,, Suspense—	उचन्त खाता, उदरत खाता।
,, To balance an—	शिल्लक निकालना, खाता ड्योढ़ा करना।
,, To call to—	हिसाब तलब करना, हिसाब मांगना।
. To clear an—	हिसाब साफ करना, खाता बराबर करना।
,, To close an—	हिसाब बन्द करना।
,, To cook an—	झूठा हिसाब बनाना।
,, To open an—	खाता खोलना।
,, To render an—	हिसाब देना।
,, To write off an—	बट्टे खाते लिखना।
Accountable	हिसाबदेह।
Accountancy	अकाउंटेन्सी, बही खाता, हिसाब-शास्त्र।
Accountant	अकाउंटेंट, मुनीम, हिसाबनवीस, हिसाब रखनेवाला।

Accretions to Live Stock	पशु-वृद्धि ।
Accrued Income	उत्पन्न आय ।
Accumulation	संचय ।
Accurate	यथार्थ, ठीक-ठीक ।
Acknowledgment	प्राप्ति-स्वीकार, पहुँच, रसीद ।
Acquired Characteristics	(स्वयं) प्राप्त लक्षण ।
Acquisiton	प्राप्ति, उपार्जन ।
Acquittance	ऋण-मुक्ति, फारगती ।
Acre	एकड़ (४८४० वर्ग गज़) ।
Act	विधान, क़ानून ।
Act of Bankruptcy	जिस कार्य से कोई दिवालिया घोषित हो, टाट पलटना (मा०)
,, of God	दैवी दुर्घटना ।
,, of Honour	प्रतिष्ठार्थ हुंडी सकारना ।
Actionable	दावा करने योग्य ।
Active Circulation (of Money)	(रुपये-पैसे का) सक्रिय चलन ।
,, Demand	तेज़ माँग ।
,, Partner	क्रियाशील साझी ।
Activity	प्रयत्न ।
Actual Price	वास्तविक क़ीमत ।

Actuary	एकचुअरी, बीमा-गणितज्ञ ।
Acturial Science	बीमा-गणित ।
Addendum	परिशिष्ट ।
Ad-infinitum	अनन्त तक ।
Adjournment (of meeting)	(सभा) स्थगित करना ।
Adjudication Order	(दिवालिया घोषित करने का) अदालती हुक्म ।
Adjustment of Account	हिसाब बैठाना, हिसाब जमाना ।
Administration	शासन, प्रबन्ध ।
,, Letter of—	प्रबन्धाधिकार-पत्र (मृत व्यक्ति की जायदाद का) ।
Administrator	शासक, प्रबन्धक ।
Admissible Value	स्वीकार्य मूल्य ।
Ad-referendum	आगे के लिए विचारार्थ ।
Adult	प्रौढ़, बालिग़, वयस्क ।
Adulteration	मिलावट ।
Ad-valorem Duty	मूल्यानुसार कर ।
Advance	पेशगी ।
Advertisement	विज्ञापन, इश्तहार ।
Advice	सूचना, सलाह ।
Aerial Rop way	आकाश-रज्जू पथ ।

Aerodrome	हवाई अड्डा ।
Aero-dynamics	वायु-गति-शास्त्र ।
Aerography	वायु-वर्णन ।
Aeronautics	विमान-शास्त्र ।
Aeroplane	हवाई जहाज़ ।
Aero-raid	हवाई हमला ।
Aero statics	वायुयान-शास्त्र ।
Affidavit	शपथ-पत्र, हलफ़नामा ।
Affiliate	सम्बद्ध करना ।
Afforestation	वनोन्नति, पेड़ लगाना ।
After Sight	मुद्दती ।
Agency	आढ़त, एजन्सी ।
Agenda	विचारणीय विषय, कार्य-क्रम ।
Agent	एजंट, आढ़तिया ।
,, of Production	उत्पत्ति-साधक ।
Aggregate	जोड़, योग, योगफल ।
Agio	मुद्रा-बट्टा, मुद्रा और कागजी सिक्के का अन्तर ।
Agrarian	कृषि-सम्बन्धी, भूमि-सम्बन्धी, ज़राअती (उ०) ।
Agreement	इकरार, प्रतीज्ञा, राज़ीनामा ।
Agricutulral	कृषि-सम्बन्धी, भूमि-सम्बन्धी, ज़राअती (उ०) ।

Agricultural Country	कृषि-प्रधान देश ।
,, Economics	कृषि-अर्थशास्त्र ।
,, Indebtedness	कृषकों की कर्ज़दारी ।
,, Land	कृषि-भूमि, खेती की ज़मीन ।
,, Marketing	कृषि-पदार्थ विक्रय, फ़सलों की बिक्री ।
Agriculture, Extensive—	भूमि-प्रधान कृषि, विस्तृत खेती ।
,, Financing of—	खेती में पूँजी लगाना ।
,, Intensive—	श्रम-पूँजी-प्रधान खेती, गहरी खेती ।
Agriculturist	कृषक, किसान, खेतिहर ।
Air Mail	हवाई डाक ।
,, Port	हवाई जहाजों का बन्दरगाह ।
Alleatory	दैवाधीन ।
Alien Enemies	विदेशी शत्रु ।
Alienable Land	हस्तान्तर-योग्य भूमि ।
Alienated Land	हतान्तरित भूमि ।
Alienation of Land	भूमि-हस्तान्तरकरण, इन्तक़ाल ग्राराज़ी (उ०) ।
Alkaline	क्षार-युक्त, खार के गुणवाला ।
All Rights Reserved	सर्वाधिकार सुरक्षित ।
Allocation (of Expenditure)	(ख़र्च) विभाजन, खतियाना ।

Allonge	हुँडी-पत्री, हुंडी के साथ का कागज (जो अन्य हस्ताक्षरों के लिए चिपकाया जाय)।
Allotment of Shares	शेयरों की बंटनी
Allowance	अलाउन्स, भत्ता। छूट।
Alloy	(सिक्के की) मिलावट, मिश्र धातु।
Alluvial Soil	दुमट मिट्टी, कछार भूमि।
Alternative Demand	वैकल्पिक माँग।
,, Standard	वैकल्पिक चलन-पद्धति।
Altruism	परार्थवाद, परमार्थवाद।
Amalgamation	एकीकरण।
Ambassador	राजदूत, एलची।
Ambiguous	संशयात्मक, अस्पष्ट, अनेकार्थी।
Amendment	संशोधन, तरमीम (उ०)।
Ammunition	युद्ध-सामग्री, युद्धोपकरण।
Amortisation	ऋण-परिशोध (किश्तों में)।
Amount	मिश्रधन, रकम।
Amplitude	कम्प-विस्तार, तरंग ऊँचाई (गु०)।
Amusement Tax	मनोरंजन-कर।
Analogous	समान, एकसा, सदृश।
Analytical Treatment	वैश्लेषणिक रीति
Analysis	विश्लेषण।

Anarchism	अराजकतावाद।
Ancestral Property	पैत्रिक सम्पत्ति।
Anchorage	जहाज-ठहराई शुल्क।
Angle, Vertical—	शीर्ष कोण।
Annealing	क्रमशः तप्त-शीतलकरण।
Announced Dividend	घोषित डिविडेन्ड, घोषित लाभांश।
Annuity	वार्षिक वृत्ति, सालयाना, वर्षाशन।
,, Contingent —	नैमित्तिक वार्षिक वृत्ति।
,, Defferred—	विलम्बित वार्षिक वृत्ति।
,, Due —	प्राप्य वार्षिक वृत्ति, चढ़ी हुई वार्षिक वृत्ति।
,, Immediate—	तात्कालिक वार्षिक वृत्ति।
,, Joint Life—	सम्मिलित आजीवन वार्षिक वृत्ति।
,, Perpetual—	चिरस्थायी वार्षिक वृत्ति।
,, Reversionary—	उत्तराधिकारी की वार्षिक वृत्ति।
,, Terminable—	समाप्य वार्षिक वृत्ति।
Anticipated Prices	धारणानुसार कीमतें।
Anticipation	धारणा।
Anti-date	पिछली मिति डालना।
Anti-logarithm	प्रति लघुगुणक।
Apex Bank	सर्वोपरि बैंक।

Aposteriori	हेतुतः।
,, Knowledge	अनुभवजन्य ज्ञान, कार्य-कारण ज्ञान।
Appeal	अपील, पुनर्विचार।
Appendix	परिशिष्ट।
Applicability	व्यावहारिकता, प्रयोगशीलता।
Application	प्रयोग, दर्खास्त।
Applied Economics	व्यावहारिक अर्थशास्त्र।
Apportioned Tax	विभाजित कर।
Appraisement	कूतना, परख, मूल्य आंकना।
Appraiser	कूतनेवाला, परखैया।
Appreciation of Money	द्रव्य की मूल्यवृद्धि।
Apprenticeship	शागिर्दी, उम्मीदवारी।
Appropriable goods	काम में आनेवाला माल।
Appropriate in Account	हिसाब में लगाना।
Appropriation Account	लाभ विभाजन खाता।
Approval, On—	पसन्दगी पर, जाकड़।
Approximation	लगभग, सन्निकट।
Apriori	फलतः।
,, Knowledge	कारण-काय ज्ञान, अनुमान-जन्य ज्ञान।
Arable Land	कृषि-योग्य भूमि।

Arbiter	पंच, मध्यस्थ, सालिस (उ०)।
Arbitrage	मूल्यान्तर लाभार्थ हुँडी ऋण-पत्र या विदेशी विनिमय का क्रय-विक्रय।
Arbitrate	मध्यस्थ होना, पंच का काम करना।
Arbitration	मध्यस्थता, पंचायत, सालसी (उ०)।
,, Award	पंच-फैसला, मध्यस्थ-निर्णय।
,, Board	पंचायत, मध्यस्थ समिति।
,, Bond	पंचनामा।
Arbitrator	पंच, मध्यस्थ।
Arboriculture	वृक्ष-विज्ञान,
Aristocracy	कुलीन - तंत्र, उच्च-जन-तंत्र।
Arithmetic Average	औसत मध्यमान।
,, Mean	साधारण मध्यमान।
Arithmetical Progression	समानान्तर वृद्धि।
,, Ratio	समानान्तर अनुपात।
Arles	बयाना, साई।
Armament	युद्ध-सामग्री, शस्त्रास्त्र !
Arrangement, Deed of—	तसफीयानामा।
Array	क्रमानुसार रचना।

Arrears	बक़ाया, बाकी।
Art	कला, शिल्प, हुनर।
Articles of Association	कार्य-संचालन के नियम।
,, of Comfort	आराम की वस्तुएँ।
,, of Luxury	विलासिता की वस्तुएँ।
,, of Merchandise	व्यापारिक वस्तुएँ।
,, of Necessity	जीवन-रक्षक पदार्थ।
Artificial Coin	नकली सिक्का।
,, Manure	कृत्रिम खाद।
Artificer	कारीगर।
Artisan	दस्तकार, शिल्पी।
Artist	चित्रकार, कलाविद्, कलाकार।
Artistic Skill	कला-कुशलता।
Art of Economics	अर्थशास्त्र-कला।
Arts and Crafts	दस्तकारी, शिल्पकारी, कला-कौशल।
Ascending Order	आरोह-क्रम।
Assay	परख।
Assessed Tax	निर्धारित कर।
Assessment of Taxes	कर-निर्धारण।
Assessor	असेसर, कर-निर्धारक। जज का सलाहकार।
Assets and Liabilities	लेनी-देनी, मालियत, मिलकियत।

Assets, Fixed—	स्थावर जायदाद (ज़मीन, मकान आदि)।
,, Floating— or Circulating—	फैली हुई पूँजी (खाते-वही का लेन-देन आदि)
,, Intangible—	अस्पृश्य पूँजी, (व्यापारी साख आदि)।
,, Liquid—	हाजिर माल, नक़द माल।
,, Wasting—	क्षयशील सम्पत्ति।
Assign	सुपुर्द करना, दूसरे के नाम चढ़ाना।
Assignee	सुपुर्दगी लेनेवाला।
Assignment, Deed of—	सुपुर्दगीनामा, विक्रय-पत्र।
Associate	साथी।
Association	समिति, परिषद्, अँजुमन (उ०)।
,, Cœfficient of—	सम्बन्ध-गुणक।
Assumption	कल्पना, अनुमान।
Assurance	जीवन-बीमा।
Asymptot	स्पर्शोन्मुख रेखा।
At Call	मंगनी पर।
At Owner's Risk	मालिक की जोखिम पर।
At Par	सम मूल्य पर।
At Premium	सम मूल्य से ऊपर।
At Sight	दर्शनी।

Attachment	कुर्की, ज़ब्ती ।
Attestation	साक्षी, प्रमाण, हस्ताक्षर, तसदीक़ ।
Attested Copy	प्रमाणित प्रतिलिपि, मुसद्दिका नक़ल (उ०) ।
Attorney	अटार्नी, मुख़्तार ।
,, Power of—	मुख़्तारनामा ।
Auction	नीलाम ।
Audit	हिसाब की जाँच, आय-व्यय-परीक्षा, लेखा-परीक्षा ।
Auditor	आडिटर, आय-व्यय-परीक्षक, लेखा-परीक्षक ।
Authorised Capital	निर्धारित पूँजी, अधिकारित पूँजी ।
Automatic Currency	आवश्यकतानुसार घटने-बढ़नेवाली करेंसी ।
Autonomus Producer	स्वतंत्र उत्पादक ।
Auxiliary Capital	सहायक पूँजी ।
Average	औसत । जहाज़ी नुकसान ।
,, Clause	जहाज़ी नुकसान की धारा ।
,, Cost Curve	औसत-लागत रेखा ।
,, Price	औसत क़ीमत ।
,, Statement	जहाज़ी नुकसान का विवरण ।
Average, Unweighted—	साधारण औसत ।

Average Weighted— सप्रभाव औसत।
Averaging (सट्टे बाज़ार में) पड़तल मिलाना।
Aviation उड़ने की कला, उड़न विद्या।
,, Insurance हवाई बीमा।
Award निर्णय, पंच-फ़ैसला।
Axiom स्वयंसिद्ध बात या प्रमाण।
Axis अक्ष, धुरी।
Axis Ordinate कोट्यक्ष।

B

Back a Bill हुँडी की पुष्टि करना।
Back Bond (जहाज़ी) हर्जाना।
Back Charges (हिसाब करने के बाद दूसरे खाते पर आयी हुई) बाक़ी।
Back Freight वापसी किराया।
Back Note जहाज़ी हर्जाने की चिट्ठी।
Backwardation हर्जाना (स्टाक समय पर न देने का)।
Bad Coin खोटा सिक्का।

Bad Debt	नाकाबिल वसूल कर्ज़ ।
Bad Debts Reserve Account	सिकदम वृद्धि खाता ।
Baggage	सफ़र का समान, असबाब ।
Bail	ज़मानत । ज़ामिन, प्रतिभू ।
,, Bond	ज़मानतनामा, प्रतिभू-पत्र ।
,, for Good Conduct	चालचलन की ज़मानत ।
Bail, Pecuniary—	माली ज़मानत ।
,, Personal—	हाज़िर ज़मानत ।
Bailee	ज़मानतदार, निक्षेपग्राही (अमानत पर माल की सुपुर्दगी लेनेवाला) ।
Bailiff	नाज़िर, अमीन ।
Bailment	सुपुर्दगी माल बतौर अमानत ।
Bailor	ज़मानत लेनेवाला, निक्षेपता ।
Balance	बाकी, सिल्लक ।
,, in Hand	रोकड़ बाकी, पोते बाकी ।
,, of Account	खाता बाकी ।
,, of Debit and Credit	हिसाब की बाकी, नामे जमा की बाकी ।
,, of Payment	लेनी-देनी की बाकी ।
,, of Trade	आयात-निर्यात का अन्तर ।
,, Sheet	(लेनी-देनी का) चिट्ठा ।

Balance, Closing—	रोकड़ पोते बाकी ।
,, Credit—	जमा बाकी ।
,, Dead—	डूबंत बाकी (जो वसूल होने योग्य न हो) ।
,, Debit—	नामे बाकी ।
,, Opening—	श्रीरोकड़ बाकी ।
,, Outstanding—	उगाही बाकी ।
,, Trial—	कच्चा चिट्ठा ।
Balancer	तोलनेवाला, तुलावटिया ।
Balances	बैंक में जमा ।
Balancing	बाकी निकलना । संतुलन ।
,, the Books	खाता ड्योढ़ा करना, बही खाते की बाकी निकालना ।
Bale	गाँठ ।
Ballast	(जहाज को सीधा रखनेवाला) पूरक भार ।
Ballot	लिखित मत । चिट्ठी डालना ।
Bank	बैंक, बंक ।
,, Book	बैंक की खाता-बही, बंक बुक ।
,, Charter	बंक-चार्टर, बैंक का अधिकार-पत्र
,, Credit	बैंक की साख ।
,, Discount	बैंक का बट्टा ।

Bank Draft	बैंक की हुंडी ।
,, of Deposit	जमा करनेवाला बैंक ।
,, of Issue	नोट जारी करनेवाला बैंक ।
,, Paper	बैंक का जारी किया नोट ।
,, Rate	बैंक दर ।
,, Reserve	बैंक का सुरक्षित कोष ।
,, Return	बैंक विवरण ।
,, Stock	बैंक-स्टाक, बैंक की पूँजी ।
Bank, Agricultural—	कृषि बैंक ।
,, Commercial—	व्यापारिक बैंक ।
,, Exchange—	(विदेशी) विनिमय बैंक ।
,, Indigenous	पेढी, कोठी (लेनदेन करनेवालों की)
,, Industrial—	औद्योगिक बैंक ।
,, Joint Stock—	सम्मिलित पूँजी बैंक ।
,, Land Mortgage—	भूमि-बंधक बैंक ।
,, Private—	प्राइवेट बैंक, निजी बैंक, (जिसके हिस्सेदार दस से कम हों) ।
,, Saving—	सेविंग बैंक ।
Banker	बैंकर, सर्राफ, साहूकार, पेढीवाला, महाजन ।
Banking	बैंकिंग, महाजनी, सर्राफ़ी, लेन-देन का कारोबार ।

Bankruptcy	दिवाला।
,, To Declare—	दिवाला निकालना।
Bar Diagram	छड़-चित्र।
Bar of Limitation	मुद्दत की बाधा।
Bargain	सौदा, ख़रीद-फरोख्त, मोल-भाव।
,, To Strike a—	सौदा करना।
Barometer	वायु-भार-मापक यंत्र।
Barren Land	बंजर भूमि, ऊसर ज़मीन।
Barter	अदल-बदल, वस्तु-परिवर्तन।
Base Coin	खोटी मुद्रा, घटिया सिक्का।
,, Line	आधार-रेखा, अधोरेखा।
,, Line of Graph	भुजाक्ष।
Basic	बुनियादी, आधार-भूत।
Bazzar-rate	बाज़ार दर।
Bear	घटी सट्टेवाला, मंदी का सट्टेवाला
Bearer	ले जानेवाला, वाहक।
,, Bonds	धनी जोग बॉंड।
,, Cheque	बेयरर चेक, धनी जोग चेक, वाहक चेक, (जिसका रुपया बैङ्क में पेश करनेवाले को तुरन्त मिल जाय)।
Belligerent	युद्धमान, युद्ध-संलग्न।
Below Par	(शेयर आदि का भाव) अंकित क़ीमत से कम।

Benefice	धार्मिक कार्य से आजीवका; धर्मादा।
Beneficial Tax	लाभकारी कर।
Beneficiary	(ट्रस्ट या वसीहत के अनुसार) लाभ उठाने का अधिकारी।
Benefit Society	पारस्परिक लाभ-समिति।
Bequest	वसीयत।
Berth	सोने की जगह (जहाज़ या रेल में)।
Better Farming Society	कृषि-सुधार-समिति।
,, Living Society	रहन-सहन-सुधार-समिति।
Betterment Taxes	जायदाद-मूल्य-वृद्धि-कर।
Betterness	अच्छाई (सिक्के में मुख्य धातु की)।
Betting	जुआ।
Biased Error	जान-बूझ कर की हुई भूल।
Bibliography	पुस्तक-सूची।
Bidder	नीलामी बोली बोलनेवाला।
Bill	बिल, (नये ढङ्ग की) हुन्डी। बेची चीज़ों का हिसाब। क़ानून का मसौदा।
,, after Sight	मुद्दती हुन्डी।
,, at Sight	दर्शनी हुन्डी।
,, Book	बिल-बुक। हुन्डी-बही।
,, Broker	हुन्डी-दलाल।

Bill Discount	हुन्डी का बट्टा ।
,, Drawn in Blank	सादी हुन्डी ।
,, for Acceptance	सकारी जानेवाली हुन्डी ।
,, -holder	हुन्डीवाला, हुंडियारा ।
,, of Adventure	धनी की जोखम पर जहाज़ पर माल चढ़ाने का दस्तावेज़ ।
,, of Costs	व्यय-पत्र ।
,, of Credit	साख-पत्र, साख पर जारी की हुई हुन्डी ।
,, of Entry	रवन्ना हुन्डी ।
,, of Exchange	हुन्डी ।
,, of Health	स्वास्थ्य-पत्रक (जहाज़ रवाना होने के स्थान का) ।
,, of Sale	बीजक, भरतिया (मा०) ।
,, of Sight	रवन्ना-पत्र ।
,, of Sufferance	बिना ज़कात माल लेजाने का अधिकार-पत्र ।
,, on Demand	दर्शनी हुन्डी ।
,, Overdrawn	जमा से अधिक रक़मवाली हुन्डी ।
,, Payable	भुगतान-योग्य हुन्डी ।
,, Payable to Bearer	धनी जोग हुन्डी, (जिसका रुपया उसके ले जानेवाले को मिले) ।

Bill Payable to Order	नाम जोग हुन्डी, शाह जोग हुन्डी (जिसका रुपया उस व्यक्ति को मिलता है, जिसके नाम वह लिखी गयी है, या बेचौती की गयी है)।
,, Premium	हुँडियावन।
Bill, Accomodation—	सिफ़ारिशी हुन्डी। (पारस्परिक लेन-देन न होते हुए, किसी की सुविधा के लिए स्वीकार की जानेवाली हुन्डी)।
,, Clean—	खुली हुन्डी (जिसके साथ माल के कागज़ न हों)।
,, Defficiency—	कमी-पूरक हुन्डी।
,, Dishonoured—	अस्वीकृत हुन्डी, फिरी हुई हुन्डी, नकारी हुन्डी।
,, Documentary—	बिल्टी सहित हुन्डी।
,, Duplicate—	पैठ।
,, Finance—	रोज़गारी हुन्डी, व्यावसायिक हुन्डी। कर-सम्बन्धी प्रस्ताव, अर्थ बिल।
,, Honoured—	स्वीकृत हुन्डी।
,, Long—	मुद्दती हुन्डी, मियादी हुन्डी।
,, Receiveable—	सकारने योग्य हुन्डी।

Bill Second—	पैठ।
,, Third—	पर पैठ।
,, Triplicate—	पर पैठ।
Bimetallism	द्विधातुवाद।
Birth-control	सन्तान-निग्रह।
Birth-rate	जन्म-संख्या।
Birth-right	जन्म-सिद्ध अधिकार।
Black List	दिवालियों की सूची, संदिग्ध व्यक्तियों की सूची।
Blackmail	रुपया ऐंठना (बदनामी की धमकी देकर)।
Blank Cheque	कोरा चेक।
,, Credit	कोरी साख, हाथ-उधार (बिना ज़मानत के व्यक्तिगत साख पर उधार)।
,, Endorsement	(हस्ताक्षर करके हुन्डी का सादा) बेचान।
,, Form	कोरा फ़ार्म।
Blind Pool	अंधकूप, (बेसमझे रुपया लगाना)
Block	ब्लाक, ठप्पा, संयुक्त गृह-पंक्ति।
Blockade	जहाज़ी नाकाबन्दी, जहाज़ी घेरा।
Blue Books	सरकारी रिपोर्ट।

Board	बोर्ड, परिषद्, समिति ।
,, of Adjustment	निपटारा-समिति ।
,, of Directors	सचालक समिति ।
,, of Revenue	रेवेन्यू बोर्ड, मालगुज़ारी बोर्ड ।
Body Corporate	क़ानून द्वारा स्थापित समिति ।
Boggy Land	दलदल ज़मीन ।
Bogus	बनावटी, खोटा, जाली ।
Bolshevism	बोलशेविज़्म, मज़ूरशाही ।
Bombardment	बम-वर्षा ।
Bonafide	वास्तविक, प्रकृत, विश्वसनीय ।
Bond	बॉड, तमस्सुक, रुक्का, दस्तावेज़ । सरकारी या म्युनिसपल ऋण-पत्र ।
,, Creditor	दस्तावेज़ लिखाकर रुपया उधार देनेवाला ।
,, Debt	दस्तावेज़ी ऋण ।
,, of Security	ज़मानतनामा ।
Bond, Indemnity—	क्षतिपूरक दस्तावेज़ ।
,, Mortgage—	गिरवी खत, बंधक पत्र ।
Bonded Goods	(महसूल के लिए परमिट घर में) रोका हुआ माल ।
Bonus	बोनस, अतिरिक्त लाभ, पुरस्कार ।
Book	बही, पुस्तक । बही में लिखना, दर्ज करना, टाँकना ।

Booking Office	टिकट घर। माल भेजने का आफिस
Boom	व्यापारिक धूम ।
Boot-legging	चोरी-छिपे मादक वस्तु लाना ।
Borrowing Powers	ऋण लेने की शक्ति, उधार लेने का अधिकार ।
Bottom	जहाज़ । तलछट ।
Bottomary Bond	जहाज़ी बन्धक ।
Bounty	सरकारी आर्थिक सहायता (उद्योग-धन्धों को), अनुग्रह ।
Bourgeoisie	बुर्जआ, मध्य श्रेणी के व्यक्ति ।
Bourse	स्टाक बाज़ार ।
Boycott	बहिष्कार।
Branch	ब्रांच, शाखा ।
Brand of Quality	प्रमाण-पत्र । गुण-दर्शक चिन्ह ।
Brassage	मुद्रा-ढलाई, टंकण मूल्य (गु०) ।
Breach of Trust	विश्वासघात ।
Breakage	टूटफूट ।
Bribery	घूसख़ोरी, रिश्वत ।
Brief	मुकदमे का सारांश ।
Brisk Trade	तेज़ व्यापार ।
Broadcast	ब्राडकास्ट, आकाशवाणी करना ।
Broker	दलाल ।

Brokerage	दलाली ।
Brokers' Contract Notes	दलालों के सौदा-पत्रक ।
Bubbles (Speculation)	बुलबुले (फाटके में) ।
Bucket Shop	(दलालों के रूप में) जुआरियों की कोठी ।
Budget	बजट, आय-व्यय-अनुमान-पत्र ।
,, Estimate	अनुमानित आय-व्यय ।
,, Revised	संशोधित आय-व्यय अनुमान-पत्र ।
Building Society	गृह-निर्माण-समिति ।
Bull	तेज़ी का सट्टेवाला ।
,, the Market	बाजार चढ़ाना ।
Bullion	सोने-चाँदी का पासा या ईंट ।
Bullionist	स्वर्णायातवादी ।
Bullish Tendency	तेज़ रुख ।
Buoy	बॉय, चिन्ह के लिए पानी पर तैरने वाली वस्तु ।
Burden of a Ship	जहाज़ का कुल बोझ ।
,, of Tax	कर-भार ।
Bureau	ब्यूरो, कार्यालय ।
Bureaucracy	नौकरशाही, कर्मचारी-तंत्र ।
Bushel	बुशल (लगभग २९ सेर वज़न का भार) ।

Business	कारबार, धंधा, रोज़गार।
,, Cycle	कारबार का चक्र।
,, Organisation	कारबार की व्यवस्था।
Business, Man of—	व्यवसायी।
Busy Season	कारबार का मौसम। तेज़ी का मौसम।
Buyers' Over	खरीददारों की धूम।
Buying and Selling	क्रय-विक्रय, ख़रीद-फ़रोख्त।
By-law, (Bye-law)	उपनियम।
By-product	उपोत्पत्ति।

C

Cabinet	(बहुमूल्य वस्तुओं के लिए) संदूकची। मंत्रिमंडल।
Cable	समुद्री तार।
,, Transfer	समुद्री तार की हुंडी। समुद्री तार द्वारा रुपया भेजना।
Cadastral Survey	जमीन की पैमाइश।
Calculas, Differential—	चलन कलन।
,, Integral—	चल राशि कलन।

Calculation	हिसाब, गणना।
Calculator	गणक।
Calendar Month	अँगरेज़ी महीना।
Call	मँगनी (रुपये की), माँग (हिस्सा सम्बन्धी)।
,, Letter	मँगनी का पत्र।
,, Money	माँग का रुपया। मँगनी का रुपया।
Calling	पेशा।
Cambio	विनिमय।
Cambist	विनिमय-कार्य-निपुण।
Cameralistic Science	राजस्व-विज्ञान।
Canal Colony	नहरी उपनिवेश, नहरी बस्ती।
,, Perennial	निरंतर काम आनेवाली नहर।
Cancel	मंसूख़ करना, रद्द करना।
Canons of Taxation	कर-सिद्धांत।
Canvassing of Goods	कन्वेसिंग, वस्तु-प्रचार।
Capacity	योग्यता, ग्रहण शक्ति, समावेश, धारण शक्ति।
Capital	पूँजी, मूलधन, सरमाया (उ०), भाँडवल (म०)।
,, Account	पूँजी खाता।

Capial Levy	पूँजी से उगाही (सरकारी ऋण चुकाने के लिए)।
Capital, Authorised—	स्वीकृत-पूँजी।
,, Called up—	माँगी हुई पूँजी।
,, Circulating—	चल पूँजी।
,, Consumption—	उपभोग पूँजी।
,, Fixed—	अचल पूँजी।
,, Floating—	चलती पूँजी।
,, Invested—	लगायी हुई पूँजी।
,, Issued—	जारी की हुई पूँजी, वितरित पूँजी।
,, Natural—	प्राकृतिक पूँजी।
,, Nominal—	निर्दिष्ट पूँजी।
,, Paid up—	प्राप्त हिस्सा-पूँजी।
,, Specialised—	विशिष्ट पूँजी।
,, Subscribed—	बिकी हुई हिस्सा-पूँजी।
,, Sunk—	लगी हुई पूँजी।
,, Uncalled—	बे-माँगी हिस्सा-पूँजी।
,, Working—	कार्यशील पूँजी।
Capitalisation	पूँजीकरण।
Capitalised Value	पूँजी-गत मूल्य।
Capitalism	पूँजीवाद।

Capitalist	पूँजीपति ।
Capitation Tax	प्रति व्यक्ति कर ।
Captain of Industry	उद्योग धंधे का प्रवर्तक, औद्योगिक नेता ।
Carat	कैरेट, चौबीसवाँ भाग (सोने का) ।
Caravan	काफ़िला, कारवाँ, रेगिस्तान में चलनेवाली व्यापारिक मंडली ।
Card Index of Book	पुस्तकों की कार्ड-अनुक्रमणिका ।
Carding	रूई-धुनाई ।
Cargo	खेप, जहाज़ पर लदा हुआ माल ।
Carriage	गाड़ी । सामान-ढुलाई । गाड़ीभाड़ा ।
„ Free	बे-किराया ।
Carrier	माल लेजानेवाला, बारबरदार ।
Carrying over	मूल्य-चुकाई का समय बढ़ाना । बाक़ी निकालना ।
Cartage	गाड़ी-भाड़ा ।
Cartel	कारटेल (एक उत्पादक संघ) ।
Case	पेटी, सन्दूक़ ।
Cash	नक़द, रोकड़ ।
„ a Bill	हुन्डी भुनाना ।
„ Account	रोकड़ खाता ।
„ Balance	रोकड़ बाक़ी ।

Cash Book — रोकड़ बही।
,, Certificate — केश सार्टिफिकट (सरकारी नक़दी पत्र)
,, Credit — व्यक्तिगत साख पर उधार।
,, Deposit — नक़द अमानत।
,, Entry — रोकड़-बही का दाख़िला, रोकड़-बही की मद्द।
,, in Hand — रोकड़ बाकी।
,, Memo — नक़दी-पुर्ज़ा।
,, Money — नक़द रुपया।
,, Order — केश आर्डर, ख़ज़ाने की हुन्डी।
,, Reserve — नक़द बचत (जो संस्था की स्थिति दृढ़ रखने के लिए सुरक्षित हो)।
,, Transaction — नक़द व्यवहार, रोकड़ी लेन-देन।
Cash, Hard— — (बिल्कुल) नक़द रुपया।
Caste — जाति।
Casting Vote — निर्णायक मत (सभापति का)।
Casual Labour — अस्थायी श्रम।
Catallactics — विनिमय-विज्ञान।
Catalogue — सूचीपत्र।
Cattle Breeding — पशुओं की नस्ल बढ़ाना; गो-वंश-वृद्धि।
Caution Money — ज़मानती रुपया, तारण (मा०)।

Caveat Emptor	ख़रीददार सावधान ।
Census	मनुष्य-गणना, मर्दुमशुमारी ।
Cent	सेन्ट (अमरीका का एक सिक्का जिसका मूल्य लगभग दो पैसे है)
Central Bank	केन्द्रीय बैंक ।
,, Government	केन्द्रीय सरकार ।
Centralisation	केन्द्रीयकरण ।
Centralised Management	केन्द्रीयभूत प्रबन्ध ।
Centrifugal Machine	केन्द्रापसारी यंत्र, केन्द्रोपगामी यंत्र ।
Centripetal	केन्द्रोन्मुख, केन्द्रगामी ।
Cereal	खाद्यान्न; खड्हन ।
Certificate	प्रमाण-पत्र ।
,, of Posting	कच्ची रजिस्टरी ।
Certificated Bankrupt	प्रमाण-पत्र-प्राप्त दिवालिया (जिसका क़र्ज़ मन्सूख़ हो गया हो) ।
Certified Copy	प्रमाणित प्रतिलिपि ।
Cess	अबवाब, अतिरिक्त कर ।
Chaffer	भाव-ताव करना ।
Chain Rule	शृङ्खला-नियम (एक देश के सिक्कों का मूल्य दूसरे देश के सिक्कों के मूल्य में फैलाने की रीति), जरीब का क़ायदा (उ०) ।

Chamber of Commerce	चेम्बर-आफ़-कामर्स, व्यापार-मंडल
Chance	दैवयोग।
Chancellor of Exchequer	अर्थ-मंत्री (इङ्गलैंड का)।
Change	रेजगी, रेजगारी।
Characteristics of Logarithm	पूर्णांश।
Charges	ख़र्च, व्यय।
Charitable	धर्मार्थ, मुफ़्ती।
Charity Organisation	दान-व्यवस्था, धर्मार्थ संस्था।
Chart	चार्ट, लेखा-चित्र।
Charter	अधिकार-पत्र, सनद। किराये देना।
,, Party	जहाज़ी इकरारनामा।
Chartered Bank	अधिकार-प्राप्त बैंक, सनदशुदा बैंक
Chattel	माल-असबाब।
Cheap Money	सस्ता द्रव्य, (ब्याज की) कम दर पर द्रव्य।
Check on Population	जन-वृद्धि-निरोध।
,, Positive—	प्राकृतिक निरोध।
,, Preventive—	कृत्रिम निरोध।
Chemical Industry	रासायनिक उद्योग धंधा।
Cheque	चेक।
,, Book	चेक बुक।

Cheque Payable to Bearer	बेअरर चेक, घनी जोग चेक।
,, Payable to Order	नामजोग चेक, शाहजोग चेक।
Child Labour	बाल-श्रम।
,, Mortality	बाल-मृत्यु-संख्या।
Cinema	सिनेमा, चित्रपट।
Cipher Code	संकेत-लिपि-पुस्तक, संकेत पुस्तिका।
Circle	मंडली। वृत्त, दायरा, (उ०)।
Circular Diagram	गोलाकार चित्र, वृत्ताकार चित्र।
,, Letter	गश्ती चिट्ठी।
Circulating Capital	चल पूँजी, फिरती पूँजी।
,, Medium	चलन माध्यम।
Circulation	चलन।
Circumference	परिधि।
Citizen	नागरिक, पौर (गु०)।
Civics	नागरिक शास्त्र, पौर शास्त्र।
Civil	सिविल, मुल्की, अ-सैनिक।
,, List	राजघराने का व्यय। मुल्की अफ़सर-सूची।
,, Service	सिविल सर्विस, मुल्की नौकरी, अ-सैनिक नौकरी।
Civilisation	सभ्यता, तहज़ीब (उ०)।

Claim	दावा।
Classical Economists	प्राचीन आंग्ल अर्थशास्त्री।
Classification	वर्गीकरण।
Class Interval	कृत्रिम श्रेणी विभाग।
Clay (or Clayey Soil)	चिकनी मिट्टी।
Clean Bill	बिल्टी सहित हुन्डी।
Clear	(जहाज़ का) महसूल चुकाना।
,, a Bill	हुन्डी भुगतान करना।
,, Days	माल-निकासी के दिन।
Clearance of Goods	माल की निकासी।
,, Sale	निकासी-बिक्री, चुकते माल की बिक्री
Clearing House	क्लियरिङ्ग हाउस, चेक-चुकाई-भवन, निपटारा-घर।
Clerical Error	लिखने की भूल।
Client	आसामी, ग्राहक।
Closing an Account	हिसाब बन्द करना।
Closing Entries	अंतिम खाता बाक़ी, रोकड़ बाक़ी।
,, Price	अन्तिम क़ीमत (किसी दिन की)।
Closure	विवादान्तक प्रस्ताव, बहस-बन्दी का प्रस्ताव।
Club	गोष्ठी।
Coalition Ministry	सर्वदल मन्त्रिमण्डल।

Coasting Trade	समुद्रतटीय व्यापार।
Cocket	परवाना, रवन्ना, राहदारी।
Code	कोड, (तार की सुविधा के लिए) संकेत। नियम-संग्रह।
Codification	संकलन, क्रमानुसार संग्रह।
Coefficient	गुणक।
Coercive Sale	बल-पूर्वक बिक्री।
Cognate Sciences	सजातीय विज्ञान।
Cognisability	पहचान, शीघ्रबोधिता।
Coin	मुद्रा, सिक्का।
,, Counterfeited—	जाली सिक्का, नकली सिक्का।
,, Current—	चालू सिक्का।
,, False—	खोटा सिक्का।
,, Finenss of—	सिक्कों की उत्कृष्टता।
,, Garbled—	(छटा हुआ) विकृत सिक्का।
,, Rubbed—	घिसा हुआ सिक्का।
,, Standard—	प्रामाणिक सिक्का।
,, Token—	सांकेतिक सिक्का।
Coinage	सिक्का-ढलाई, मुद्राङ्कन।
,, Free—	स्वतंत्र सिक्का ढलाई (जनता को टकसाल में धातु ले जाकर सिक्का ढलाने की स्वतंत्रता)।

Commons	गोचर भूमि।
Commonwealth	जनपद, पंचायती राज्य।
Communal	साम्प्रदायिक, जातिगत।
,, Representation	साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व, जातिगत प्रतिनिधित्व।
Communalism	सम्प्रदायवाद, साम्प्रदायिकता।
Communication, Means of—	आमदरफ़्त के साधन, सम्वादवाहक साधन।
Communique	विज्ञप्ति।
Communism	कम्यूनिज्म, अवर्गवाद, समाज-समानतावाद।
Communist	कम्यूनिस्ट, अवर्गवादी, समाज-समानतावादी।
Commutation	क्रम-विनिमय।
,, of Pension	पेन्शन के बदले नक़द रुपया लेना
Company Promoter	कम्पनी संस्थापक, कम्पनी खड़ी करनेवाला।
,, Joint Stock—	मिश्रित-पूँजी-कम्पनी।
,, Limited—	परिमितदायित्व-कम्पनी।
,, Private—	निजी कम्पनी (जिसके सदस्यों की संख्या पचास तक हो)।
,, Public—	सार्वजनिक कम्पनी।

Company, Unlimited—	अपरिमितदायित्व-कम्पनी।
Comparative Cost	तुलनात्मक लागत।
Compensation	हरजाना, क्षति-पूर्ति।
Compensative Error	पूरक भूल।
Compensatory Action	क्षतिपूरक प्रभाव।
Competition	प्रतियोगिता, स्पर्धा, मुक़ाबला।
Competitive Demand	प्रतियोगितामूलक माँग।
,, Value	प्रतियोगितामूलक मूल्य।
,, Wage System	प्रतियोगिता-मज़दूरी-सिद्धांत।
Competitor	प्रतियोगी।
Complementary Crops	पूरक फ़सल।
,, Industry	पूरक उद्योग-धन्धा।
Complete Monopoly	पूर्ण एकाधिकार।
Composite Currency	मिश्र मुद्रा-चलन, मिश्रित करेन्सी।
,, Demand	सम्मिलित माँग।
,, Supply	सम्मिलित पूर्ति।
Composition of a Debt	ऋण का निपटारा।
Compounding with Creditors	(आंशिक ऋण चुका कर) महाजनों से निपटारा करना।
Compound Interest	सूद-दर-सूद, चक्रवृद्धि ब्याज।
Compromise	समझौता।
Compute a Bill	हुंडी (की भुगतान-मिति) का हिसाब लगाना।

Concave	नतोदरीय।
Concern	कारबार।
Concert of Europe	योरपीय राष्ट्रों का गुट्ट।
Concession	रियायत।
Conciliation Board	मेलमिलाप-समिति, समझौता-समिति।
Concrete Economics	यथार्थता-मूलक अर्थशास्त्र।
Conditional Endorsement	(हुंडी पर) शर्त के साथ हस्ताक्षर, प्रतिबन्धयुक्त बेचान।
Conditioning	(रेशम आदि के) माल की जाँच।
Conductor	चालक।
Confidence	विश्वास।
Configuration of Earth	भूमि की आकृति।
Confirmation	पुष्टि, समर्थन, पक्का करना।
Confirmed Banker's Credit	साह-स्वीकृत साख।
,, Endorsement	प्रमाणित हस्ताक्षर, बेचान।
Confiscate	ज़ब्त करना, कुर्क करना।
Conflict of Laws	क़ानून-संघर्ष।
Conjointly	मिलकर, शरीक होकर।
Conjuncture	संयोग।
Conscience Money	विवेक-द्रव्य (न चुकाये हुए ऋण या द्रव्य को अन्तरात्मा की पुकार से देना)।

Conscription	अनिवार्य सैनिक सेवा ।
Consecutive Number	क्रमानुसार संख्या ।
Conservation of Forest	जंगल की रक्षा ।
Conservative	पुरातन मतवादी, अनुदार, दकियानूसी ।
Consideration	बदला, एवज़, प्रतिफल ।
,, Money	साई, बयाना ।
Consign	चालान करना, माल रवाना करना
Consignee	चलान पानेवाला, माल धनी ।
Consignor	चालान करनेवाला, माल भेजनेवाला ।
Consignment	चालान, रवन्ना, भेजा हुआ माल ।
Consoles	कोन्सोल (अंगरेज़ी साख-पत्र) ।
Consolidated Annuities	एकत्रीकृत वार्षिक वृत्तियां ।
Consolidation of Debt	ऋण एकत्रीकरण ।
,, of Holdings	खेतों की चकबन्दी ।
Constancy	स्थिरता ।
Constant Demand	स्थिर मांग ।
,, Return	क्रमागत समान उपज ।
Constituency	निर्वाचन-क्षेत्र, निर्वाचक-मण्डल ।
Consitution	विधान । रचना, संगठन ।
Constitutional	वैध, कानूनी ।
,, Government	वैध सरकार ।

Construction, Graphical–	रेखा-चित्र निर्माण।
Constructive Economics	रचनात्मक अर्थशास्त्र।
Consul	(पर-राष्ट्रीय) व्यापार-दूत।
Consulate	व्यापारी राजदूत का पद या निवास-स्थान।
Consumer	उपभोक्ता।
Consumer's Goods	उपभोक्ता की वस्तुएँ।
,, Surplus	उपभोक्ता की बचत।
Consumption	उपभोग, सर्फ़ (उ०)।
,, Capital	उपभोग-प्रधान पूँजी।
,, Goods	उपभोग-वस्तुएँ।
Contact	सम्पर्क।
Contango	हर्जाना (स्टाक-भुगतान की अवधि बढ़ाने का)।
Contentment	संतोष।
Continental	योरपीय (इङ्गलैंड छोड़कर)।
Contingency	पारस्परिक निर्भरता। आकस्मिक ख़र्च
Contingent Annuity	नैमित्तिक वार्षिक वृत्ति।
Continuity	अविच्छिन्नता।
Contraband	ग़ैरक़ानूनी, क़ानून-विरुद्ध उत्पादित।

Contraband of War	युद्ध के समय निषिद्ध माल।
,, Salt	क़ानून-विरुद्ध बनाया हुआ नमक।
,, Trade	क़ानून-विरुद्ध (वस्तुओं का) व्यापार
Contract	इक़रार, ठेका।
,, Note	वायदा-पत्र, सौदे का इक़रारनामा
Contract, Illegal—	ग़ैरक़ानूनी इक़रारनामा, ग़ैर-क़ानूनी ठेका।
,, Immoral—	अनैतिक इक़रारनामा, अनैतिक ठेका
Contraction of Demand	माँग की घटी।
,, of Supply	पूर्ति की घटी।
Contractor	ठेकेदार।
Contribution	देनगी, देनी।
Contributory Liability	सहदायित्व।
,, Negligence	विपक्षी की असावधानी।
Control	नियन्त्रण।
Controller	नियन्त्रक।
,, of Currency	मुद्राध्यक्ष, करेंसी-नियन्त्रक।
Convenience of Situation	स्थिति की सुविधा।
Conventional Necessaries	कृत्रिम आवश्यकताएँ।
,, Paper Money	सांकेतिक क़ागजी मुद्रा।
,, Tariff	निश्चित भाव (आयात-निर्यात-कर के लिए)।

Conversion of Debt	ऋण-रूपान्तरकरण।
Convertibility	विनिमयसाध्यता।
Convertible Paper Money	विनिमयसाध्य काग़ज़ी मुद्रा।
Convex	उन्नतोदरीय।
Conveyance	स्थानान्तरकरण, हस्तान्तरकरण। सवारी।
Convict Labour	दंडित अपराधी का श्रम।
Cook an Account, To—	झूठा हिसाब बनाना।
Coolie System	कुली-प्रथा।
Co-operation	सहकारिता, इम्दाद बाहमी (उ०)
,, Distributive—	वितरणात्मक सहकारिता।
Co-operative Bank	सहकारी बैंक, सहकारी पेढ़ी।
,, Credit Society	सहकारी साख-समिति।
,, Principle	सहकारिता-सिद्धान्त।
,, Production	सहकारी उपज।
,, Store	सहकारी भंडार।
Co-ordinate	अक्षांक।
Co-ordination of Industries	उद्योग-धन्धों का सम्बद्धकरण।
Coparcenary	विरासत में भागीदार।
Co-partnership	हिस्सेदारी, साझा।

Copy, Attested—	प्रमाणित प्रतिलिपि, मुसद्दिका नक़ल (उ०)।
Copyhold	पट्टा।
Copyhold Tenure	पट्टादारी।
Copy-right	मुद्रणाधिकार।
Co-respondent	सहकारी प्रतिवादी।
Corn	अनाज, अन्न।
„ Exchange	नाज-मंडी।
„ Law	अन्न-प्रतिबन्धक क़ानून।
Corn, Indian—	मकई।
Cornering of a Market	बाजार मुट्ठी में करना, रूयाला करना (मा०)।
Corporate Body	क़ानून द्वारा स्थापित समिति।
„ Village Life	सामूहिक ग्राम जीवन।
Corporation	कारपोरेशन।
Correlation	परस्पर सम्बन्ध।
Correspondence	पत्र-व्यवहार।
„ Register	चिट्ठी-नोंद-बही।
Correspondent	सम्वाददाता, गुमाश्ता।
Corruptions	भ्रष्टता, नीति-भ्रष्टता। रिश्वत-खोरी।
Co-sharer	हिस्सेदार।

Cosmopolitan Economics	सार्वभौमिक अर्थशास्त्र।
Cost	लागत।
,, of Carriage	गाड़ी-भाड़ा।
,, of Labour	मजूरी, मेहनताना।
,, of Living	रहन-सहन का खर्च।
,, of Maintenance	जीवन-निर्वाह-व्यय।
,, of Production	उत्पत्ति की असली लागत (श्रम में)
,, of Reprodution	पुनरुत्पादन व्यय।
,, Price	लागत-क़ीमत।
Cost, Free of—	बे-लागत।
,, Prime—	प्रमुख लागत।
,, Supplementary—	पूरक लागत।
,, Total—	पूरी लागत।
Cottage Industry	घरेलू उद्योग-धंधा, गृह-उद्योग।
Cotton Press	रूई का पेच, रूई की गाँठ बांधने का कारख़ाना।
Council Bill	कौंसिल-बिल, भारत-मंत्री की हुंडी (भारत-सरकार पर)।
Council of State	राज्य परिषद्।
,, Reverse—	उलटी हुंडी, भारत-सरकार की हुन्डी (भारत-मंत्री पर)।

Counter	लेन-देन का स्थान।
,, Action	प्रतिक्रिया, प्रत्युपाय।
,, Balance	समतोल करना, पासंग करना।
,, Claim	उलटा दावा।
,, Evidence	उलट साक्षी।
,, Part	पैठ, उतारा, दस्तावेज की दो नकलों में से एक।
,, Security	प्रतिजामिन, आड़जामिनी।
,, Sign	(प्रमाणित करने के लिए) हस्ताक्षर करना, साक्षी करना।
,, Weight	धड़ा।
Counterfeit Coin	जाली सिक्का।
Counterfoil	प्रतिपत्रक, प्रतिलिपि।
Countermand of Payment	भुगतान-बन्दी आज्ञा।
Countervailing Duty	समप्रभावोत्पादक कर।
Counting House	महाजनी कार्य्यालय, हिसाब-घर।
Coupon	कूपन।
Cr. (Credited to)	जमा।
Craft Guild	कारीगर संघ।
Craftsman	कारीगर।
Credit	साख, उधार, पत (मा०)।

Credit Bank	साख बैङ्क, साख पर रुपया देने-वाला बैङ्क।
,, Bill	एतबारी हुन्डी।
,, Entry	जमा का दाख़ला।
,, Instruments	साख-पत्र, (हुन्डी, चेक, तमस्सुक आदि)।
,, Insurance	साख का बीमा।
,, Money	साखपत्री रुपया, साख पर दिया रुपया।
,, Note	जमा की चिट्ठी।
,, Sale	उधार बिक्री।
,, Side	जमा का बाज़ू।
,, Slip	जमा का पुर्ज़ा।
Credit, Public—	सार्वजनिक साख।
Creditor	ऋणदाता, साहूकार, लेनदार।
,, Fully Secured—	पूर्ण सुरक्षित साहूकार।
,, Judgment—	डिग्री से लेनदार।
,, Preferential—	रियायत-प्राप्त लेनदार।
Crisis	संकट, संकट-समय।
Criteria	लक्षण, कसौटी।
Crop	फ़सल।
Cross a Bill	हुन्डी रेखांकित करना, हुन्डी साहजोग करना।

Cross-breed	वर्णशंकर।
,, -drawing	सिफ़ारिशी हुन्डी का दूसरा नाम।
,, -rate	डालर-स्टलिंङ्ग दर।
Crossed Cheque	रेखांकित चेक, साइज़ोग चेक (इस पर दो तिरछी लकीर खींची होती हैं। इसका रुपया उसी आदमी को मिलता है जिसका बैङ्क में खाता हो)।
Crown	क्राउन (पाँच शिलिंग मूल्य का अंगरेज़ी सिक्का)।
Crystalline Soil	निर्मल भूमि, रवादार ज़मीन।
Cultivation	खेती।
,, Extensive—	विस्तृत खेती, भूमि-प्रधान खेती।
,, Intensive—	गहरी खेती, पूँजी और श्रम-प्रधान खेती।
Cultivator	किसान, कृषक, काश्तकार।
Cum-Dividend	मुनाफ़ा सहित।
Cum-Interest	सूद सहित, ब्याज सहित।
Cumulative Error	वर्द्धमान भूल।
,, Preference Share	वर्द्धमान रियायती हिस्सा।
Currency	करेंसी, चलन, मुद्रा।
,, Bond	करेंसी बॉंड (जिसका भुगतान अपने देश के सिक्कों में हो सके)

Currency by Tale	गणन-ग्राह्य करेंसी (जिसके तोलने की आवश्यकता न हो)।
,, by Weight	तौल-ग्राह्य करेंसी।
,, Certificates	करेंसी-प्रमाणपत्र।
,, Deflation	करेंसी की अत्यधिक कमी (जिससे वस्तुएँ सस्ती हो जायँ)।
,, Department	करेंसी विभाग।
,, Depreciation	करेंसी मूल्य-ह्रास।
,, Inflation	करेंसी की अत्यधिक वृद्धि (जिससे वस्तुएँ मँहगी हो जायँ)।
,, Doctrine	करेंसी सिद्धान्त, चलन-सिद्धान्त।
,, Note	करेंसी नोट।
,, of a Bill	हुन्डी-भुगतान-अवधि।
,, Office	करेंसी कार्यालय।
,, Paper	करेंसी कागज़, चलनी नोट।
,, System	करेंसी प्रणाली।
Currency Composite—	मिश्र-मुद्रा-चलन।
Current Account	चालू खाता।
,, Credit Account	चालू उधार हिसाब।
,, Deposit	चालू अमानत।
,, Price	चालू क़ीमत।

Custom	रीति-रिवाज, रस्म-रिवाज (उ०) ।
,, Duty	आयात-निर्यात कर, ज़कात (उ०) ।
,, House	ज़कात घर ।
Customary Discount	रिवाजी बट्टा ।
Customer	ग्राहक, गाहक ।
Customs Tariff	आयात-निर्यात-कर-सूची ।
Cut-throat Competetion	गला-घोट प्रतियोगिता, घातक प्रतियोगिता ।
Curvature	वक्रता ।
Curve Fitting	वक्र रेखा बैठाना ।
,, of Indifference	उदासीनता रेखा ।
Cycle of Trade	व्यापार-चक्र ।
Cyclic Order	चक्र क्रम ।
Cyclical Fluctuation	चक्रानुरूप घटबढ़ ।
Cypher Telegram	सांकेतिक तार ।

D

Dairy Farm	डेरी फ़ार्म, दुग्धशाला, गोरस-शाला (गु०) ।
Damages	क्षति, हरजाना ।

Data	अंक, तथ्य।
Date of Drawing	हुंडी करने की मिति।
,, of Maturity (of a Bill)	(हुंडी) भुगतान की मिति, पकने की तिथि।
Dating Forward	आगे की मिति लगाना।
Day Book	कच्ची वही।
,, Labour	रोजन्दारी।
,, of Discount	हुंडी भुनाने का दिन, भुगतान का दिन
,, -to-day Loan	दैनिक ऋण (जो एक दिन के लिए दिया जाय)।
Days of Grace	(भुगतान के लिए) रियायती दिन।
Dead Account	डूबन्त खाता।
,, Freight	(जहाज़ के) रिक्त स्थान का भाड़ा
,, Letter Office	डेड-लेटर-आफिस (लावारसी पत्रों का कार्यालय)।
,, Loan	अनिश्चित समय का ऋण।
,, Loss	भरपूर नुकसान।
,, Rent	खान का स्थायी कर (जो माल न निकालने की दशा में भी देना पड़े)
,, Security	रद्दी सिक्यूरिटी।
,, Stock	निरर्थक माल, अकारथ पूँजी।
,, Weight	भारी माल (जिसका जहाज़ी किराया वज़न के अनुसार देना हो)।

Deal by Grade	दर्जे के अनुसार बेचना।
,, by Sample	नमूने के हिसाब से बेचना।
Dealer	व्यापारी, वस्तु-विक्रेता।
,, Wholesale—	थोक बेचनेवाला, थोकबन्द व्यापारी
,, Retail—	फुटकर बेचनेवाला, फुटकर-वस्तु-विक्रेता, खुदरा फ़रोश (उ०)।
Dealing, for the Account	हिसाब के दिन चुकता होनेवाला सौदा।
,, for the Money	नक़द सौदा।
,, in Futures	मुद्दती सौदा, सट्टाबाज़ी।
Dealing, Double—	दुरंगा व्यवहार, दुरंगी चाल।
,, Fair—	खरा व्यवहार।
Dear Money	मँहगा द्रव्य, मँहगी दर पर द्रव्य।
,, Wages	ऊँची मज़दूरी।
Death Duty	मृत्यु-कर।
,, Rate	मृत्यु-संख्या, मृत्यु-दर।
Debasement of Coin	सिक्के का खोटापन।
Debenture	डिबेंचर (सूद की निश्चित दरवाले गैर-सरकारी ऋण-पत्र)।
,, Bond	डिबेंचर बॉड, ऋण-पत्र।
,, Loan	डिबेंचर द्वारा प्राप्त ऋण।

Debenture Stock	डिबेंचर स्टाक (ऋण-पत्रों का ऐसा स्वरूप जिस पर केवल व्याज ही दिया जाय)।
Debenture, Redeemable–	मियादी डिबेंचर।
Debit	नामे।
,, and Credit	जमा और नामे।
,, Balance	लेनी, नामे बाकी।
,, Entry	नामे का दाखला।
,, Note	नामे खाते की चिट्ठी।
Debitable	नामे लिखने योग्य।
Debt	ऋण, कर्ज़।
,, Conciliation	कर्ज़-समझौता-समिति।
,, of Honour	क़ानून-अमान्य ऋण।
Debt, Bad—	बट्टा खाता।
,, Disputed—	विवाद-ग्रस्त ऋण।
,, Due—	देनी, वाजिबुलअदा कर्ज़ (उ०)।
,, Floating—	अल्पकालीन (सरकारी) ऋण।
,, Liquidation of a—	ऋण-परिशोध।
,, National—	राष्ट्रीय ऋण, राज्य-ऋण।
,, Outstanding—	शेष ऋण।
,, Public—	सरकारी ऋण, सार्वजनिक ऋण
,, Recovery of—	कर्ज़ वसूली।

Debtor	ऋणी, कर्ज़दार, देनदार।
Debtor, Judgment—	डिगरी से देनदार।
Decentralisation	विकेन्द्रीयकरण, अधिकार-विभाजन
Decile	दशांश मध्यमान।
Decimal System	दशमलव प्रणाली।
Decision	निर्णय, फ़ैसला।
Deck Cargo	जहाज़ का बारदाना।
Declaration of Association	कम्पनी में शामिल होने की घोषणा।
,, of Compliance	स्वीकृति की घोषणा।
Declared Value	घोषित मूल्य।
Decrease of Demand	माँग की कमी।
,, of Supply	पूर्ति की कमी।
Decreasing Return	क्रमागत ह्रास।
Deduction	छूट, बाद। अनुमान।
Deductive Method	निगमन प्रणाली।
Deed	दस्तावेज़।
,, of Agreement	इकरारनामा।
,, of Aquittance	फ़ारगती, राज़ीनामा।
,, of Arrangement	तस्फ़ियानामा।
,, of Assignment	सुपुर्दगीनामा।
,, of Gift	दान-पत्र।

Deed of Lease	पट्टा।
,, of Mortgage	रहननामा।
,, of Partition	बटाईनामा।
,, of Partnership	शरकतनामा।
,, of Sale	बयनामा।
,, of Tenure	पट्टा।
Defaced Coin	बिगड़ा हुआ सिक्का।
Defalcation	खयानत, ग़बन (उ०)।
Defeasance	रद्द करना।
Deferred Annuity	विलम्बित वार्षिक वृत्ति।
,, Bonds	विलम्बित बांड या रुक्का (जिस पर एक सीमा तक उत्तरोत्तर अधिक व्याज मिले)।
,, Share	विलम्बित हिस्सा (जिस पर मुनाफा उच्च श्रेणी के शेयरों के बाद मिले)
,, Stock	विलम्बित स्टाक।
Deficiency	कमी।
,, Bill	कमी-पूरक हुन्डी।
Deficit	कमी।
Definite Demand	निश्चित मांग।
Definition	परिभाषा।
Deflation of Currency	करेंसी की अत्यधिक कमी।

Deforestation	जंगल का उजाड़ना ।
Defunct Company	मृत कम्पनी ।
Degree of Utility	उपयोगिता की मात्रा ।
Degressive Tax	ह्रासमान कर ।
Delivery	सुपुर्दगी, भुगतान ।
,, Order	सुपुर्दगी-पत्र ।
Delivery, Exprees—	तुरन्त सुपुर्दगी ।
,, For—	वास्तविक लेनदेन (स्टाक का) ।
,, Foward—	माल की अगली भुगतान ।
,, Immediate—	तात्कालिक सुपुर्दगी ।
,, Near—	नज़दीक मिति का भुगतान ।
,, Prompt—	(माल का) तुरन्त भुगतान ।
Delta	नदो-मुख-प्रदेश ।
Demand	मांग, मागणी (म०), तलब (उ०) ।
,, Bill	दर्शनी हुन्डो ।
,, Curve	मांग की रेखा ।
,, Deposit	मांगते ही जानेवाली जमा ।
,, Price	मांग के अनुसार क़ीमत ।
,, Schedule	मांग की सारिणो
Demand, Active—	तेज़ मांग ।
,, Competitive—	प्रतियोगिता-मूलक मांग ।

Demand Composite—	सम्मिलित माँग ।
,, Contraction of—	माँग संकुचन, माँग की घटी ।
,, Decrease of—	माँग की कमी ।
,, Definite—	निश्चित माँग ।
,, Derived—	पर-निर्भर माँग ।
,, Effectual—	प्रभावोत्पादक मांग, असरकारक माँग,
,, Efficient—	पूरी माँग ।
,, Elastic—	लोचदार मांग ।
,, Expansion of—	मांग का प्रसार ।
,, Extension of—	मांग का विस्तार ।
,, Genuine—	वास्तविक माँग
,, Inelastic—	बेलोच माँग ।
,, Joint—	सम्मिलित माँग ।
,, Marginal—	सीमान्त माँग ।
,, Reciprocal—	परस्परानुवर्ती माँग ।
,, Strong—	प्रबल माँग ।
,, Weakening of—	माँग की शिथिलता ।
Demise	वसीयत से देना । मृत्यु-पत्र-प्रदत्त सम्पत्ति ।
Demobilisation	सेना बर्खास्त करना ।

Demonetisation	अमुद्रीकरण (किसी सिक्के का चलन बन्द करना)।
Demurrage	डेमरेज, देर का हर्जाना।
Denomination of Value	मुद्रा-मूल्य।
Denominator of Value	मूल्य-सूचक।
Density of Population	जनसंख्या का घनत्व।
Department, Supply—	रसद विभाग।
Departmental Store	विभागीय भण्डार।
Departure	रवानगी।
Depopulation	उजाड़ना।
Deposit	अमानत, जमा, ठेव (म०)।
,, Account	अमानत खाता।
,, Bill	अमानती हुंडी।
,, Book	अमानत बही।
,, Receipt	जमा (की हुई रक़म) की रसीद।
,, Warrant	अमानत-पत्र।
Deposit, Cash—	नक़द अमानत।
,, Current—	चालू जमा।
,, Demand—	माँगते ही ही जानेवाली जमा।
,, Fixed—	मुद्दती जमा।
,, Time—	मुद्दती जमा।
Depositor	जमा करनेवाला।

Depot	डिपो, भंडार, कोठार।
,, of Emigration	प्रवासी डिपो।
Depreciation	मूल्य-ह्रास, खिसारा।
,, Charge	मूल्य-ह्रास-पूरक ख़र्च।
,, Due to Wear and Tear	घसारा।
,, Fund	मूल्य-ह्रास-पूरक कोष।
,, of Currency	करेंसी का मूल्य-ह्रास।
,, of Money	द्रव्य का मूल्य-ह्रास।
Depression	मद्दी, मन्दी।
,, of Market	बाज़ार की मन्दी
,, of Trade	व्यापार की मन्दी।
Derived Demand	पर-निर्भर मांग।
,, Supply	पर-निर्भर पूर्ति।
Descending Order	अवरोह क्रम।
Descriptive Economics	वर्णनात्मक अर्थशास्त्र।
Design	डिजाइन, रंग-रूप।
Desire	इच्छा।
Despatch	रवाना करना।
Detailed Account	ब्यौरेवार हिसाब
Deteriorating Industry	अवनतिशील उद्योग-धन्धे।
Devaluation	(मुद्रा का) पुनः मूल्य-निर्धारण।
Development	उन्नति।

Deviation	विचलन।
Devise	वसीयत से देना। मृत्यु-पत्र-प्रदत्त सम्पत्ति।
Devolution of Property	जायदाद का हस्तान्तरकरण।
Dexterity	निपुणता।
Diagram	रेखा-चित्र।
Diarchy	द्वैध शासन।
Dictator	डिक्टेटर, अधिनायक, तानाशाह।
Dies Non	छुट्टी के दिन।
Differences	(सट्टा-सम्बन्धी) फरक, गाला (मा०)
Differential Calculas	चलन कलन।
,, Duties	विभेदात्मक कर।
Differenciation of Market	बाज़ार का भेदकरण।
Diffusion Theory	व्यापन सिद्धान्त, प्रसार सिद्धान्त।
Diminishing Point	ह्रासारम्भ बिन्दु।
,, Productiveness	उत्पत्ति का क्रमागत ह्रास।
,, Returns—	क्रमागत-ह्रास।
,, Utility	क्रमागत उपयोगिता ह्रास।
